## सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ।

### मानननीय प्रबन्ध परिषद की 49वीं बैठक दिनाँक 30 मार्च, 2022 का कार्यवृत्त

माननीय प्रबन्ध परिषद की 49वीं बैठक दिनाँक 30 मार्च, 2022 को पूर्वान्ह् 11:00 बजे से सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में सम्पन्न हुई। बैठक में माननीय सदस्यों की उपस्थिति निम्नवत् थीः–

1. डा0 आर0 के0 मित्तल, कुलपति — **अध्यक्ष**
2. श्री निखिल कुमार त्यागी, लाइव स्टाक ब्रीडर — **सदस्य**
3. श्रीमती सुमन त्यागी, सामाजिक महिला कार्यकत्री — **सदस्य**
4. श्री मनोहर सिंह तोमर, प्रगतिशील कृषक — **सदस्य**
5. श्री अतुल कुमार सिंह, अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, मेरठ मण्डल, मेरठ (अपर मुख्य सचिव वित्त, उ0प्र0 के प्रतिनिधि) — **सदस्य**
6. डा0 अमरनाथ मिश्र, संयुक्त निदेशक कृषि, मेरठ मण्डल, मेरठ (अपर मुख्य सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उ0प्र0 के प्रतिनिधि) — **सदस्य**
7. डा0 आर0के0 गुप्ता, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ मण्डल, मेरठ (अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा, उ0प्र0 के प्रतिनिधि) — **सदस्य**
8. डा0 ब्रजवीर सिंह, अपर निदेशक, पशुपालन, मेरठ मण्डल, मेरठ। (निदेशक पशुपालन, उ0प्र0 के प्रतिनिधि) — **सदस्य**
9. श्रीमती लक्ष्मी मिश्रा, वित्त नियंत्रक — **सचिव**

मा0 प्रबन्ध परिषद के अध्यक्ष एवं वित्त नियन्त्रक महोदया द्वारा मा0 सदस्यों का स्वागत किया गया।

LAXMI MISHRA
Comptroller
S.V.P. University of Agri & Tech.
MEERUT-250110

Dr. R.K. Mittal
Vice-Chancellor
S.V.P.U.A.&T., Meerut

**प्रस्ताव संख्या 49.1 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 48वीं बैठक दिनाँक 15 दिसम्बर, 2022 के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

मा0 प्रबन्ध परिषद की 48वीं बैठक दिनांक 15 दिसम्बर, 2021 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**प्रस्ताव संख्या 49.2 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 48वीं बैठक दिनाँक 15 दिसम्बर, 2021 के निर्णयों की अनुपालन आख्या।**

मा0 प्रबन्ध परिषद की 48वीं बैठक दिनांक 15 दिसम्बर, 2021 के निर्णयों की अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया, जिस पर सदस्यों द्वारा सहमति व्यक्त की गयी।

(कार्यवाहीः वित्त नियन्त्रक)

**प्रस्ताव संख्या 49.3 : विद्वत परिषद की 84वीं बैठक दिनांक 18.02.2022 के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**

विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की 84वीं बैठक दिनांक 18 फरवरी, 2022 में लिए गये निर्णयों का अनुमोदन किया गया। साथ ही मा0 सदस्यों द्वारा निम्न अभिमत व्यक्त किये गयेः–

1. श्री निखिल कुमार त्यागी द्वारा विद्वत परिषद की 84वीं बैठक दिनांक 18.02.2022 के संकल्प संख्या–05 पर इंगित विश्वविद्यालय के ICAR-Accreditation हेतु प्रसार परिषद (Extension Council) में मा0 प्रबन्ध परिषद के एक सदस्य को भी सम्मिलित किया जाना उपयुक्त होगा।

(कार्यवाहीः कुलसचिव / निदेशक प्रसार)

LAXMI MISHRA
Comptroller
S.V.P. University of Agri & Tech.
MEERUT-250110



Dr. R.K. Mittal
Vice-Chancellor
S.V.P.U.A.&T., Meerut

2. श्री निखिल कुमार त्यागी द्वारा विद्वत परिषद की 84वीं बैठक दिनांक 18.02.2022 के संकल्प संख्या–08 पर इंगित विश्वविद्यालय की Student Sports Council की अवधि को दो वर्ष किये जाने का सुझाव दिया गया। जिस पर सहमति व्यक्त की गयी।

**(कार्यवाही: कुलसचिव)**

**प्रस्ताव संख्या: 49.4– माननीय प्रबन्ध परिषद के मा0 सदस्यों के मानदेय में वृद्धि से सम्बन्धित प्रस्ताव**

विश्वविद्यालय की मा0 प्रबन्ध परिषद के मा0 सदस्यों को बैठक में प्रतिभाग हेतु रू0 2500/– मात्र के स्थान पर रू0 3500/– मात्र का भुगतान किये जाने पर सर्वसम्मत्ति से अनुमोदन किया गया एवं इसका भुगतान 49वीं बैठक दिनांक 30.03.2022 से ही करने की स्वीकृति प्रदान की गयी।

**(कार्यवाही: वित्त नियन्त्रक)**

**प्रस्ताव संख्या: 49.5– वित्तीय वर्ष 2021–22 में कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के एन0पी0एस0 से आच्छादित कार्यरत कार्मिकों के लिए नियोक्ता अंशदान की वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

उ0प्र0 शासन के कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उ0प्र0, लखनऊ के शासनादेश संख्या 2062163/2022/कृशिअ–67–1002(002)/8/2019 दिनांक 15.03.2022 के माध्यम से कृषि

LAXMI MISHRA
Comptroller
S.V.P. University of Agri & Tech.
MEERUT 250110



Dr. R.K. Mittal
Vice-Chancellor
S.V.P.U.A.&T., Meerut

एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ को अनुदान संख्या–011–2071–पेंशन तथा अन्य सेवानिवृत्ति हित लाभ–01–सिविल–117–निर्धारित अंशदायी पेंशन स्कीम के लिए सरकार अंशदान–03–राज्य सरकार का अंशदान– 0306–कृषि विश्वविद्यालय मेरठ के शिक्षकों/शिक्षणैत्तर कर्मचारियों के लिए नियोक्ता अंशदान कर्मचारी–टियर 20–सहायता अनुदान–सामान्य (गैर वेतन) हेतु वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु स्वीकृत धनराशि रू0 97.50 लाख को मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया।

**(कार्यवाहीः वित्त नियन्त्रक)**

**प्रस्ताव संख्याः 49.6–** **वित्त समिति की 16वीं बैठक दिनांक 28 मार्च, 2022 के निर्णयों का अवलोकन एवं अनुमोदन।**

कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ की वित्त समिति की 16वीं बैठक दिनांक 28 मार्च, 2022 में लिए गये निर्णयों पर माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्वसम्मत्ति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(कार्यवाहीः वित्त नियन्त्रक)**

**प्रस्ताव संख्याः 49.7–** **वित्तीय वर्ष 2021–22 में कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ हेतु गैर वेतन की स्वीकृति निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या 2063493/2022/67–कृशिअ–1002(003)/2/2022 दिनांक 21 मार्च, 2022 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2021–2022 में कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ हेतु गैर वेतन मद के अन्तर्गत कन्टीजैन्सी के लिए अवमुक्त धनराशि रू0 18.75 लाख को मा0 प्रबन्ध

LAXMI MISHRA
Comptroller
S.V.P. University of Agri & Tech.
MEERUT-250110



Dr. R.K. Mittal
Vice-Chancellor
S.V.P.U.A.&T., Meerut

परिषद के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

**(कार्यवाहीः वित्त नियन्त्रक)**

**उपरोक्त बिन्दुओं के अतिरिक्त मा0 सदस्यों द्वारा निम्नवत अभिमत व्यक्त किये गयेः–**

1. श्री मनोहर सिंह तोमर, प्रगतिशील कृषक द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न ग्रामों में आयोजित करायी जाने वाली गोष्ठियों इत्यादि में जलपान हेतु किसानों के लिए सूक्ष्म जलपान/लंच पैकेट के लिए निर्धारित दरों को संशोधित/वृद्धि कराने का सुझाव दिया गया। जिसपर मा0 कुलपति जी मा0 सदस्यों को आश्वस्त किया गया कि इस सम्बन्ध में कार्यवाही की जायेगी।

**(कार्यवाहीः निदेशक प्रसार)**

1. श्री मनोहर सिंह तोमर, प्रगतिशील कृषक एवं श्री निखिल कुमार त्यागी, लाईव स्टॉक ब्रीडर द्वारा विश्वविद्यालय में विद्युत देयकों की अधिकता के दृष्टिगत सुझाव दिया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा क्रमवार परिसर के भिन्न–भिन्न भवनों पर सोलर पैनल स्थापित कराया जाना उपयुक्त होगा। जिसपर मा0 कुलपति जी द्वारा मा0 सदस्यों को समुचित कार्यवाही हेतु आवश्वस्त किया गया।

**(कार्यवाहीः प्रभारी अधिकारी विद्युत)**

LAXMI MISHRA
Comptroller
S.V.P. University of Agri & Tech.
MEERUT-250110



Dr. R.K. Mittal
Vice-Chancellor
S.V.P.U.A.&T., Meerut

अन्त में सचिव मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी माननीय सदस्यों का आभार व्यक्त किया और धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई।

31/03/2022

(लक्ष्मी मिश्रा)
वित्त नियंत्रक/सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद
LAXMI MISHRA
Comptroller
S.V.P. University of Agri & Tech.
MEERUT-250110

अनुमोदित

31.03.22

(डा0 आर0के0 मित्तल)
कुलपति/अध्यक्ष, मा0 प्रबन्ध परिषद
Dr. R.K. Mittal
Vice-Chancellor
S.V.P.U.A.&T., Meerut